Nai Dunia (Indore), 20th November 2020, Page-2

# आइआइटी में अप्रैल तक बिना प्रैक्टिकल के होगी पढ़ाई

इंदौर (नईदुनिया प्रतिनिधि)। भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (आइआइटी) इंदौर में अप्रैल-2021 तक बिना प्रैक्टिकल के ही पढ़ाई होगी। सोमवार से आइआइटी में बीटेक की नवप्रवेशित बैच की पढ़ाई भी औपचारिक रूप से शुरू हो गई है। आइआइटी के इंजीनियरिंग कोर्स बीटेक में सैद्धांतिक कक्षाओं के साथ प्रैक्टिकल का अहम हिस्सा होता है, लेकिन कोविड-19 प्रकोप के कारण पहली बार आइआइटी को पढ़ाई से अस्थाई रूप से प्रैक्टिकल को ही अलग रखना पड़ा है। आइआइटी की बैच-2020 का ओरिएंटेशन कार्यक्रम गुरुवार को हुआ। कोरोना के कारण पहली बार किसी बैच का ओरिएंटेशन ऑनलाइन हुआ। फिलहाल फर्स्ट ईयर के इन छात्रों को कैंपस में बुलाया नहीं गया। विद्यार्थियों की पढ़ाई भी घर बैठे ऑनलाइन माध्यम से होगी। इस दौरान अप्रैल तक प्रैक्टिकल भी नहीं हो सकेंगे। अभी संस्थान ने अप्रैल-2021 तक प्रैक्टिकल स्थगित रखने की घोषणा की है। कोरोना की स्थिति की समीक्षा कर अगला निर्णय लिया जाएगा। आइआइटी की 2020 बैच में कुल 351 विद्यार्थियों ने प्रवेश लिया है। इनमें बीटेक की पांच इंजीनियरिंग ब्रांच शामिल हैं। इलेक्ट्रिकल में 85, कंप्यूटर साइंस में 87, सिविल में 82, मैटलर्जिकल इंजीनियरिंग में 53 और मटेरियल साइंस ब्रांच के 53 विद्यार्थी शामिल हैं। संस्थान के प्रभारी निदेशक प्रो. निलेश जैन ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि कोरोना महामारी के कारण पहली बार ऑनलाइन माध्यम से ओरिएंटेशन हुआ। ऑनलाइन लर्निंग ही भविष्य की पद्धति है। सीखने-सिखाने के ऑनलाइन माध्यमों को बेहतर करने के लिए हम और काम कर रहे हैं।